तेरे बिना कोई नहीं हारे का सहारा हैं

एक श्याम तू मेरा हैं , मुझे तेरा सहारा हैं ,
तेरे बिना कोई नहीं, हारे का सहारा है !

तेरे दर पे आना हैं , मुझे शीश झुकाना हैं ,
पाना और कुछ भी नहीं, श्याम तुझको पाना हैं ,
मेंरे इस जीवन को, बस तेरा सहारा हैं ,
तेरे बिना कोई नहीं, हारे का सहारा है !

मझधार में नैया हैं , बड़ी दूर किनारा हैं ,
डूबती मेरी नैया का, श्याम तू ही सहारा हैं ,
भटके हुए जीवन को, बस तेरा सहारा हैं ,
तेरे बिना कोई नहीं, हारे का सहारा है !

दुःख दर्द तो आना हैं , आकर चले जाना हैं ,
साथी है ये जीवन के, हमें सब सह जाना हैं ,
मुश्किल भरे जीवन को, बस तेरा सहारा हैं ,
तेरे बिना कोई नहीं, हारे का सहारा है !

अब सोंप दिया मेंने , अपने इस जीवन को,
एक तेरे सिवा कोई, भाता नहीं इस मन को,
भक्ति भरे जीवन को, बस तेरा सहारा हैं ,
तेरे बिना कोई नहीं, हारे का सहारा है !

एक श्याम तू मेरा हैं , मुझे तेरा सहारा हैं ,
तेरे बिना कोई नहीं, हारे का सहारा है !

Bhajan Lyrics - Jay Prakash Verma, Indore

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34883/title/tere-bina-koi-nahi-hare-ka-sahara-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |